हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं 12



ब्रह्माकुमारी शांति धाम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 12



## खबर संक्षेप

### मच्छरौली के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

**समालखा।** जीटी रोड पर मच्छरौली के पास फ्लाईओवर के निकट सड़क हादसे में राहुल पुत्र रमेश निवासी गांव गांव जूनपुर जिला सोनीपत की मौत हो गई। पुलिस ने जहां राहुल के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया, वहीं इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बैड टच करने वाले यूपी से गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस ने सड़क पार कर रही युवती को बैड टच करने वाले मनचलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दोनों आरोपियों उत्तर प्रदेश के बागपत जिला के सिनौली गांव निवासी प्रमोद व संजीव को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सुरेश सैनी ने बताया कि 24 अगस्त की देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियों वारयरल हुई थी। जिसमें एक बाइक सवार दो युवक जीटी रोड पार करती युवतियों के साथ बैड टच करते नजर आए थे।

### 36 बोतल अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की टीम ने काबड़ी रोड पर अर्जुन नगर के पास जोगिंद्र उर्फ काला पुत्र जयपाल निवासी भारत नगर, पानीपत को 36 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि आरोपी जोगिंद्र उर्फ काला पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### करनाल के युवक की अमेरिका में मौत

**करनाल।** करनाल की वजीरचंद कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय आशीष मान की अमेरिका में हुए



सड़क हादसे में मौत हो गई। आशीष पिछले एक वर्ष से कैलिफोर्निया के फ्रेंजो शहर में ट्रक चलाने का काम कर रहा था। रविवार को ट्रक हादसे का शिकार हो गया। आशीष के भाई अंकुर ने बताया कि अमेरिका से आई कॉल के जरिए परिवार को हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद पूरे घर में मातम छा गया।

### गहरे गड्ढों ने वाहन चालको को किया चोटिल

**तरावड़ी ।** जीटी रोड़ पर अम्बाला की ओर जाने वाली सर्विस लेन बरसात के दिनों मे वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है। सर्विस लेन पर रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। लेकिन गड्ढों की वजह से वाहन चालक न केवल चोटिल हो रहे हैं, बल्कि गाडियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

---

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया संबोधित

# किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी प्रदेश सरकार

- भाजपा फरकपुर मंडल कार्यकारिणी की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

किसानों के लिए लाभकारी योजनाएं शुरु की गई हैं। उन्होंने उक्त शब्द भाजपा फरकपुर मंडल कार्यकारिणी की आयोजित हुई बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करते हुए कहे।

इस दौरान बैठक में मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, मोर्चो, विभागों, प्रकोष्ठों के जिला प्रमुख, विभिन्न मोर्चा के अध्यक्षों व महामंत्री आदि ने भाग लिया। बैठक का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री नरेंद्र राणा ने किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों समेत सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। सरकार किसानों के कल्याण के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के मामले में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

मोदी सरकार ने देश के करोड़ों परिवारों को घर, बिजली, पानी, राशन, चिकित्सा और शिक्षा देकर गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है। समाज कल्याण की पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक ने ने पंच परिवर्तन व सेवा पखवाड़े को सेवा भाव के साथ मनाए जाने के लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया।

बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा व मंडल अध्यक्ष संध्या रावत ने मंडल कार्यशाला में आए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।



**यमुनानगर।** फरकपुर में आयोजित फरकपुर मंडल कार्यकारिणी की बैठक के बाद बैठक की गतिविधियों की जानकारी देते हुए भाजपा नेता। *फोटो : हरिभूमि*

**योजनाएं बताईं**

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों समेत सभी वर्गों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभर रहे हैं। यह उनकी कुशल कार्य क्षमता और अच्छी सोच का परिणाम है।

---

# धान खरीद को लेकर किसान आंदोलन तेज



**करनाल।** धान खरीद शुरू करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

**करनाल।** हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने 15 सितंबर से धान खरीद शुरू करने की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। मोर्चा ने 1 सितंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास घेराव का एलान किया है। करनाल में आंदोलन की तैयारियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने जुंडला गांव में नुक्कड़ सभा के दौरान कहा कि किसानों को खाद वितरण में पोर्टल की अनिवार्यता से राहत दी जाए और धान की खरीद समय पर शुरू की जाए। साथ ही फिजी वायरस से खराब फसल का मुआवजा दिलाने के लिए विशेष गिरदावरी करवाई जाए। किसानों ने एमएसपी की गारंटी, नकली बीज-कीटनाशकों पर रोक, नहरों की सफाई, सिंचाई सुधार, बिजली बिल व स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने जैसी मांगें भी उठाईं। सभा में छत्रपाल सिंधड़, जगदीप ओलख, सुखविंद्र झब्बर, जोश गिल बालू, अमृतपाल बुग्गा सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

---


# बराड़ा में मुनीम से दो लाख की लूट

- सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

नगर बराड़ा में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब दिनदहाड़े एक मुनीम से दो लाख रुपये की नकदी लूट ली गई।

मिलाप ट्रेडिंग कंपनी के मालिक बनेश कुमार ने बताया कि उनकी मुलाना अनाज मंडी में हर मिलाप ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त की दुकान है। सोमवार को उन्होंने अपने मुनीम जयचंद को बराड़ा में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया से दो लाख रुपय की नक़दी निकालने के लिए भेजा था। दोपहर को लगभग साढ़े 12 बजे जैसे ही मुनीम जयचंद सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से कंपनी का भुगतान निकालकर बाहर आए, तभी यह वारदात घटित हुई। जयचंद ने बैंक से करीब दो लाख रुपये की राशि निकालकर उसे एक बैग में रखा और बैग को अपनी मोटरसाइकिल के साथ लगे थैले में डाल दिया। जैसे ही वह मोटरसाइकिल पर बैठकर उसे स्टार्ट करने लगे, इतने में ही एक युवक पीछे से आया और बैग को झपटकर फरार हो गया। अचानक हुई इस वारदात से जयचंद सन्न रह गया और उन्होंने तुरंत उस युवक का पीछा करना शुरू किया लेकिन आरोपी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर वहां से लापता हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही हर मिलाप ट्रेडिंग कंपनी के मालिक बनेश कुमार ने तुरंत बराड़ा पुलिस को सूचित किया। सूचना पाते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र की नाकेबंदी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी।



**बराड़ा।** जानकारी देते हुए पीड़ित।

---

# विसरा जांच रिपोर्ट ने खोला शबनम की मौत का राज

- ससुरालियों ने बताया था कि सर्पदंश के कारण हुई थी मौत
- विसरा रिपोर्ट में गला दबाने से शबनम की मौत का पता चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

करीब छह महीने पहले थाना व्यासपुर क्षेत्र के गांव मियांपुर में सर्पदंश से संदिग्ध हालत में हुई शबनम की मौत सर्पदंश से नहीं हुई थी, बल्कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। इसका खुल्लासा विसरा जांच रिपोर्ट में हुआ है। पुलिस ने विसरा रिपोर्ट में मामले का खुल्लासा होने पर मृतक शबनम के पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर उसके आरोपी पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक गांव ताजेवाला निवासी नजीर हुसैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि उसने 21 मई 2023 को अपनी बेटी शबनम का निकाह गांव मियांपुर के शमीम के साथ कराया था। निकाह में घरेलू जरुरत का पूरा सामान व अन्य दान दहेज देकर बेटी को विदा किया था। कुछ दिन तो सब कुछ ठीक चला लेकिन फिर दहेज के लिए शबनम को प्रताड़ति किया जाने लगा। उन्होंने कई बार उसके समाज के लोगों को साथ ले जाकर उसके पति शमीम व उसकी सास जरीना और ससुर इकबाल को भी समझाया था। कुछ दिन तो सब ठीक चलता रहा। मगर इसके बाद फिर आरोपी उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ति करने लगे। इसी दौरान गत 26 फरवरी को उन्हें सूचना दी कि शबनम को सांप ने काट लिया है। जिसे सुनते ही वह तुरंत मियांपुर बेटी के ससुराल पहुंचे। यहां देखा तो चारपाई पर शबनम का शव पड़ा था। मगर उन्हें सर्पदंश की बात पर यकीन नहीं हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी।

थाना पुलिस व सीन ऑफ क्राइम की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और शव का पोस्टमार्टम जगाधरी सिविल अस्पताल में बोर्ड के माध्यम से कराया गया था। उस समय पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट न होने पर पैनल ने विसरा को प्रिजर्व कर जांच के लिए पंचकूला की रीजनल फार्रेंसिक साइंस लैब और करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। दो दिन पहले विसरा रिपोर्ट आई तो पता चला कि शबनम की मौत गला दबाने से हुई थी।

**इन पर केस दर्ज**

रिपोर्ट सामने आते ही पुलिस ने नजीर हुसैन की शिकायत पर पति शमीम उर्फ समीर, सास जरीना तथा ससुर इकबाल के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को तीनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी।

---

# दो माह पहले बनी सड़क सीवरेज लीक होने से धंसी

- वार्ड में आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का करना पड़ रहा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

दो महीने पहले डोडवा कालोनी को जाने वाली सडक़ का निर्माण हुआ था जो दो दिन पहले हुई बरसात मे बैठ गई है।

डोडवा कालोनी के रहने वाले मेहर सिंह नम्बदार, कृष्ण लाल, चिमन लाल रहने वालों ने बताया कि कुछ महीने पहले कालोनी मे सीवरेज के पाइप डाले थे। उसके बाद नगरपालिका द्वारा इंटरलाकिंग टाइल की सडक़ बनाई गई थी। जो इस बरसात मे सीवरेज के मैनहोल के पास सडक़ पूरी तरह से धंस गई है। जिस कारण इस स्थान पर किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय वार्ड में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस बारे में नपा सचिव अजीत कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि सीवरेज लीक होने के कारण यह सडक़ नीचे धंस गई है या अन्य किसी कारण से, इसकी जांच करेंगे। जनस्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखूंगा कि पहले सीवरेज के पाइप को ठीक करे और उसके बाद सडक़ का दुबारा निर्माण करवाया जायेगा।



**तरावड़ी।** डोडवा को जाने वाली धंसी सड़क को दिखाते कॉलोनीवासी।

---

# दसवीं की छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

- आरोपी ने दुष्कर्म के दौरान अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म करके उसकी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में महिला पुलिस ने एक युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

छात्रा के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 साल की बेटी जो कि सरकारी सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में कक्षा 10 वीं की छात्रा है। गत रविवार को उसकी बेटी बहुत रो रही थी। उन्होंने बेटी से रोने की वजह पूछी तो उसने बताया कि छह महीने पहले खुशी राम नामक लड़के से उसकी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। उस वक्त आरोपी ने अपना गांव नगला बताया था। इसके बाद खुशीराम ने उसे बहला फुसला कर उसी के घर में आकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। साथ ही अश्लील वीडियो भी तैयार कर ली। छात्रा ने पिता को बताया कि पिछले सप्ताह शुक्रवार को खुशीराम ने उसकी बेटी को इंस्टाग्राम पर मैसेज कर फिर से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसकी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दी। जिससे वह डर गई। छात्रा ने बताया कि इसके बाद खुशीराम ने उक्त वीडियो को उसकी सहेली को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी।

इसके बाद आरोपी ने वीडियो अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

---

विधायक भगवानदास कबीरपंथी तरावड़ी के कार्यक्रम में हुए शामिल

# शांतिवन गोपाल गोशाला को 80 लाख का चेक सौंपा

- भाजपा सरकार ने गो संरक्षण को बढ़ावा दिया : कबीरपंथी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

पिछली सरकारों ने हमेशा से ही गौ माता की अनदेखी की है जहां एक और पिछली सरकारों में प्रति गाय 1 रुपये से 1 ड़ेढ रुपए प्रति गाय को दिया जाता था, वही हमारी भाजपा सरकार ने गौ माता के लिए 25 से 30 रुपये प्रति गाय देकर गौ संरक्षण को बढ़ावा दिया। यह शब्द विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आज तरावड़ी शांतिवन गोपाल गौशाला में एक कार्यक्रम मे कहे।

सोमवार को विधायक भगवान दास कबीरपंथी सरकार द्वारा गौ सेवा आयोग के माध्यम से तरावड़ी गौशाला मे लगभग 80 लाख का चैक देने पहुचें। इस कार्यक्रम मे शांतिवन गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग, स्वामी अद्वैत स्वरूप महाराज, पूर्व प्रधान नाथी राम गुप्ता, लाला साधू राम सिंगला, रमेश गुप्ता, कृष्ण चन्द सिंगला, रामसिंह को सरकार द्वारा गौ संरक्षण के लिये अस्सी लाख का चैक सौंपा। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि हरियाणा सरकार गौ माता के संरक्षण के प्रति गंभीर है। तभी प्रत्येक गऊशाला का हरियाणा सरकार की ओर से हर साल राशि देकर गौ भक्तों का मान बढ़ाया जा रहा है। इससे पूर्व भी उन्होने हल्के की कई गौशाला मे चेक वितरित किये। इस मौके पर गौशाला प्रधान राकेश गर्ग ने अपने सदस्यों सहित विधायक भगवानदास कबीरपंथी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। गौशाला कमेटी की ओर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग ने विधायक भगवानदास कबीरपंथी व आये हुये शहर के गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्वामी अद्वैतस्वरूप महाराज, पूर्व प्रधान नाथी राम गुप्ता, लाला साधू राम सिंगला, अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, राकेश गुप्ता, नपा अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, विनीत बंसल, रविन्द्र सिंगला, राजीव नारंग, रंजीत भारद्वाज, सुशील सिंगला, संजय बंसल, शिवम बंसल, देवेन्द्र कामरा, रामनिवास बंसल, रिंकू खुराना, प्रवीण गुप्ता सहित गौ सेवक उपस्थित थे।





**तरावड़ी।** कार्यक्रम में विधायक भगवानदास कबीरपंथी गोशाला के प्रधान राकेश गुप्ता व सदस्यों को चैक सौंपते हुए तथा गोशाला कमेटी द्वारा विधायक भगवानदास कबीरपंथी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

---

### वीर गोगा देव के जीवन से मिलती है धर्म वबलिदान की प्रेरणा : डॉ. चौहान

- कत्लाहेड़ी और राहड़ा गांव में ग्रामीणों से संवाद

**नीलोखेड़ी/ करनाल।** वीर गोगा देव सनातन धर्म की शौर्य और आध्यात्मिक परंपरा के अद्भुत प्रतिनिधि हैं। गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से राजस्थान के ददरेवा में जन्मे गोगा देव विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी के विरुद्ध धर्म रक्षा के लिए आत्मबलिदान करने वाले क्षत्रिय परंपरा के संवाहक भी हैं। इसी संदर्भ में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कत्लाहेड़ी और राहड़ा गांव में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि गोगा देव का जीवन धर्म, साहस और बलिदान का संदेश देता है।

गांव की गूगा माड़ी में आयोजित भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ. चौहान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। ग्रामवासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गूगा माड़ी जैसे धार्मिक स्थल समाज को एकजुट कर सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं।

---

# कुरुक्षेत्र विवि शिक्षक संघ का चुनाव आज



**कुरुक्षेत्र।** तैयारियों का जायजा लेते चुनाव अधिकारी कृष्ण चंद्र पांडे व सहायक चुनाव अधिकारी प्रताप राम। *फोटो : हरिभूमि*

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी एडी चोटी का जोर लगा रहे है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का चुनाव 26 अगस्त को होगा। चुनाव में करीब 332 मतदाता शिक्षक अपने वोट के जरिये फैसला करेंगे। प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर होगी। वहीं उप प्रधान पद के लिए डॉ. विजय कुमार द्वारा नामांकन वापस लिए जाने पर अब डा. सुधीर कुमार व डा. विजय कुमार के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए डा.संजय कुमार और डा. सुरेंद्र कुमार के बीच मुकाबला होगा। सह सचिव पद पर डा. लता खेड़ा को निर्विरोध चुना जा चुका है। वहीं कोषाध्यक्ष पद डा. राजवीर सिंह का निर्विरोध चुना जा चुका है। चुनाव अधिकारी कृष्ण चंद्र पांडे व सहायक चुनाव अधिकारी प्रताप राम ने सोमवार को तैयारियों का जायजा लिया। चुनाव अधिकारी डा. कृष्ण चंद्र पांडे ने बताया कि मतदान सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। मतगणना तीन बजे के बाद शुरू होगी और मतगणना के बाद ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### भाविप की ओर से भजन संध्या का आयोजन

**करनाल।** भारत विकास परिषद, कर्ण शाखा द्वारा श्रीराम मंदिर सेक्टर-8 में सांस्कृतिक पखवाड़े के अंतर्गत छप्पन भोग एवं भजन संध्या का आयोजन शाखा अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि नगर निगम के मनोनीत पार्षद गौरव नागपाल ने परिषद द्वारा समाज सेवा व सांस्कृतिक कार्यों की सराहना की। जिला समन्वयक अशोक महेन्द्रू, प्रियंका काठपाल तथा अन्य शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुंदर झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### रियलमी का ड्युअल-चिप स्मार्टफोन लॉन्च

**करनाल।** स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने सोमवार को अपनी नई पी4 सीरीज लॉन्च की, जिसमें रियलमी पी4 प्रो और रियलमी पी4 शामिल हैं। कंपनी ने इन्हें 20,000 और 15,000 रुपये के मूल्य वर्ग में उपलब्ध कराया है। रियलमी पी4 प्रो में स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 प्रोसेसर के साथ हाईपर विज़न एआई चिप दी गई है। इसमें 50-50 मेगापिक्सल के ड्युअल कैमरे, 144 हट्‌र्ज हाईपर ग्लो एमोलेड डिस्प्ले और 7,000 एमएएच की बैटरी दी गई है। कंपनी के सीएमओ फ्रैंसिस वोंग ने कहा कि यह सीरीज फ्लैगशिप परफॉर्मेंस और विजुअल अनुभव को आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम करेगी।

### पत्रकारिता में करियर बनाएं : डॉ. धर्मपाल

**करनाल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने कहा कि पत्रकारिता और जनसंचार का क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म बढ़ने से रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू द्वारा संचालित पत्रकारिता व जनसंचार पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को कंटेंट राइटिंग, जनसंपर्क, विजुअल एडिटिंग, विज्ञापन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व विकास पत्रकारिता में करियर बनाने का अवसर देते हैं।

### हाल ही में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं किया था शानदार प्रदर्शन

# प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलों में राज्य स्तर पर बनाया अपना स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ यदि लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएं, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अनेक प्रतिस्पर्धाओं में राज्य स्तर के लिए चयनित हुए। राज्य स्तर के लिए अंडर -11 वर्ग गोलाफेंक प्रतियोगिता में लडकियों में सिद्धि और लडक्रों में रोहन ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों ने सटीकता और शक्ति के साथ गोला फेंकते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके प्रयासों ने यह साबित कर दिया कि निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है। रस्साकशी में अंडर -11 वर्ग से छात्राएँ सिद्धि, योगिता, अवनी, सीरतप्रीत कौर, अशिमत कौर और नूरप्रीत कौर ने अद्भुत ताक़त और टीमवर्क के द्वारा कठिन संघर्ष करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उनकी एकता और समर्पण ने



तरावड़ी। प्रताप स्कूल के बच्चें अपने स्कूल स्टाफ के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

दर्शकों को ख़ूब प्रभावित किया। स्कूल चेयरपर्सन हन्नी चौधरी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कौशल का विकास होता है। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के अवसर प्रदान होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, कि जीवन की दौड़ में वही आगे बढ़ता है जो अपने आत्मविश्वास और परिश्रम पर विश्वास रखता है। हमारे विद्यार्थियों ने केवल खेलों में ही नहीं, बल्कि आत्म नियंत्रण, अनुशासन और सम्मान के क्षेत्र में भी विजय प्राप्त की है। यह हमारे विद्यालय की श्रेष्ठ परंपरा का प्रतीक है। वहीं प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों और शिक्षकों के सहयोग का भी प्रतिफल है। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रताप पब्लिक स्कूल का हर बच्चा प्रतिभा और अनुशासन का परिचायक है। अंत में उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों तथा उनके अभिभावकों को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी गई।



तरावरड़ी। एस एम एस स्कूल के बच्चे अपने मेडल के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### एसएमएस स्कूल के छात्रों ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण

तरावड़ी 25 अगस्त (राजकुमार खुराना) एस एम एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी के छात्र-छात्राओं ने हमेशा विद्यालय का मान बढ़ाया। हरियाणा राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में करनाल जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से चैंपियनशिप का आयोजन किया गया इस चैंपियनशिप में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जिसमें विद्यालय के शिवम्, आशु , वाशु, और अरनव ने स्वर्ण पदक, सत्यम, वैभव और प्रद्युमन ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। ताइक्वांडो प्रतियोगिता छात्रों के लिए केवल खेल नहीं है, बल्कि यह आत्मरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी है। ऐसी प्रतियोगिता विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, साहस और अनुशासन पैदा करती हैं। इससे उनका शरीर मजबूत होता है और मन भी संतुलित रहता है। सभी छात्रों का प्रतियोगिता के दौरान सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए छात्रों को सम्मानित किया तथा सभी छात्रों के परिजनों को भी बधाई दी। विद्यालय प्राचार्या ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा और खेल जीवन के दो ऐसे पहिये हैं जो एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। शिक्षा हमें ज्ञान, सोचने की शक्ति और भविष्य बनाने का साधन देती है,जबकि खेल हमें स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास सिखाते हैं। शिक्षा और खेल दोनों का साथ-साथ होना पूर्ण विकास के लिए आवश्यक है।

### श्री गणेश स्थापना एवं विसर्जन महोत्सव 27 से

**इंद्री।** कस्बे मे बुधवार से श्री कृष्ण मंदिर इंद्री मे 16वां श्री गणेश स्थापना एवं विसर्जन महोत्सव शुरू हो रहा है जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । जय श्री गणेश महोत्सव मंडल इंद्री के प्रधान आधिकराव यादव ने बताया कि कस्बे मे 16 वां गणपति स्थापना एवं विसर्जन महोत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा जो कि 4 सितंबर तक चलेगा। उन्होने बताया कि श्री गणेश जी की प्रतिमा को यमुनानगर से लाया गया है जो प्लास्टर ऑफ पेरिस व मिट्टी से बनाई गई है ।प्रतिमा को भव्य रूप से सजाया हुआ है । उन्होने बताया कि श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ पूजा अर्चना से होगा । श्री गणेश महोत्सव मे कस्बे व क्षेत्र से हजारों की संख्या मे श्रद्धालु पहुंचते है।

# राइस मिल में माता की चौकी का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं भोला नाथ मामराज राइस मिल के मालिक नरेश बंसल के परिवार की ओर से राईस मिल की स्थापना के 75 वें डायमंड वर्ष के अवसर पर रविवार को राइस मिल में भव्य माता की चौंकी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर जहां प्रसाद ग्रहण किया वहीं माता के भजन भी सुनें। हालांकि कार्यक्रम में बरसात ने खलल जरूर डाला लेकिन उसके बाद भी लोगों की श्रद्धा कम नहीं हुई तथा देर रात तक लोग माता के भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम में जैसे ही भजन गायक पंकज शर्मा



**तरावड़ी।** मां का सुंदर सजा दरबार व कार्यक्रम मे पहुंचे अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग साथ मे नरेश बंसल ।

एवं खरैती लाल शर्मा ने भगवान अग्रसेन के भजन प्रस्तुत किए तो पूरा पंडाल ही झूम उठा।

कार्यक्रम में माता का सजा भव्य दरबार मुख्य रूप से आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से हलका विधायक भगवानदास कबीरपंथी, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, गऊशाला के अध्यक्ष राकेश गर्ग, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, भारत ग्रूप के मालिक लाला नाथीराम गुप्ता, पंजाबी सभा के अध्यक्ष राजीव नारंग, हंसराज पाहूजा मौजूद रहे। इस मौके पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि अग्रोहा में जो आघ महालक्ष्मी का मंदिर बन रहा है, उसमें तरावड़ी शहर के राइस मिलर्स एवं मंडी आढ़तियों का बहुत सहयोग रहा है। इस मंदिर का काम 70 प्रतिशत से अधिक हो चुका है तथा जब यह मंदिर पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा तो उतर भारत का सबसे बड़ा एवं भव्य मंदिर होगा। इस मंदिर को लेकर केवल अग्र समाज ही नहीं बल्कि पूरे हिन्दु समाज में जोश एवं उत्साह है। इस अवसर पर जीवी राइस मिल के मालिक विनीत बंसल, चुनीत बंसल, एडवोकेट मुनीश गुप्ता, उद्योगपति शीशपाल गुप्ता, रिंकू बंसल, उद्योगपति नरेश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### भगवान उमेश्वर महादेव मंदिर में हरतालिका तीज की धूम

**करनाल।** पुरानी अनाज मंडी स्थित प्राचीन उमेश्वर महादेव मंदिर में हरतालिका तीज उत्साहपूर्वक मनाई गई। मंदिर को सजाया गया और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भगवान उमेश्वर महादेव पर चांदी का छतर और जलहेरी पर चांदी की परत चढ़ाई गई। पूजन-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित दीपक पांडे ने बताया कि इस दिन विवाहित महिलाएं वैवाहिक सुख व पति की दीर्घायु के लिए व्रत करती हैं। मंदिर सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि यह मंदिर सौ वर्ष पुराना है और हाल ही में इसका जीर्णोद्धार हुआ है। इस अवसर पर पदम सैन गुप्ता, सुरेश जैन, कैलाश चंद गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, बृजलाल गर्ग, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, विनोद गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### डेंगू से बचाव के लिए सफाई का रखें ध्यान

**इंद्री।** एसडीएम अशोक मुंजाल ने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने आसपास व घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में मक्खी-मच्छर पनपते हैं जिन्हें रोकने के लिए साफ सफाई का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि मलेरिया फैलाने वाले मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं, जबकि डेंगू फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं।

सभी व्यक्ति पानी की टंकियों को समय-समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढक कर रखें। उन्होंने सलाह दी कि डेंगू होने पर अचानक तेज बुखार; खासकर कुछ दिन बाद कम होकर फिर से तेज बुखार आना, तेज सिर दर्द, मांसपेशियों, हड्डियों तथा जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी, थकान होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे : गाबा

- कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका जमीनी स्तर का संगठन है और यही संगठन चुनावी जीत का आधार बनता है : पराग गाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका जमीनी स्तर का संगठन है और यही संगठन चुनावी जीत का आधार बनता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के निर्देशानुसार संगठन को बूथ स्तर से सक्रिय व सशक्त किया जाएगा।

पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिला और शहरी अध्यक्षों को विशेष अधिकार प्रदान किए हैं,



जिससे वे न केवल संगठन की मजबूती बल्कि प्रत्याशी चयन और चुनावी रणनीति तय करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी ने अब हर बूथ पर कमेटियां गठित करने का निर्णय लिया है, जिनमें युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को बराबर अवसर दिया जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया विंग और आईटी सेल को भी सक्रिय कर कांग्रेस की विचारधारा को आमजन तक पहुँचाया जाएगा।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि बाला, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज बंसल, एनएसयूआई के जिला संयोजक सौरभ शर्मा, पूर्व पार्षद सुभाष गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष महेश अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण समिति ने बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट पर जताई चिंता

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक में अध्यक्ष एस.डी. अरोड़ा ने कहा कि पुरानी बैटरियां पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हैं, लेकिन निर्माता कंपनियां नियमों की पालना नहीं कर रहीं। उन्होंने कहा कि बैटरियों में मौजूद जहरीले धातु हवा और पानी को प्रदूषित कर रहे हैं। समिति ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बैठक में अंजु शर्मा, राम रतन अत्री, सुरेश खन्ना, डॉ. पुष्पा सिन्हा, एच.आर. मित्तल, अमर दास दुआ, डॉ. वी.के. शर्मा, अर्जुन देव वर्मा, के.एल. नारंग, पूर्ण बजाज सहित सदस्य उपस्थित रहे।



### हर मोहल्ला, हर गली स्वच्छ हरियाणा की पहचान

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों की बैठक में कहा कि 24 अगस्त से 7 नवम्बर तक 'हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025' चलेगा। जिला में स्वच्छता व सौंदर्यीकरण के लिए सभी विभाग जिम्मेदारी निभाएं और ग्राम पंचायतों को भी जोड़ा जाए। डीसी ने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यालय को जीरो वेस्ट घोषित करें। एसडीएम व सीईओ जिला परिषद को गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा गया। उन्होंने अस्पतालों, औद्योगिक इकाइयों, स्कूलों और पार्कों में साफ-सफाई के विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदेश दिया कि ड्यूटी में लापरवाही करने वाले इंजीनियरों को चार्जशीट किया जाए और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई हो। बैठक में एडीसी सोनू भट्ट, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम अनुभव मेहता, अशोक मुंजाल, राजेश सोनी, राहुल, सीईओ अमित, सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ कंचन, सीएमओ डॉ. पूनम चौधरी, डीईओ सुदेश ठुकराल, जीएम रोडवेज कुलदीप सहित अधिकारी मौजूद रहे।



### फोटोग्राफर एसोसिएशन के प्रधान बने रामा मदान

करनाल। फोटोग्राफर एसोसिएशन करनाल की बैठक मंगलसेन सभागार में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से रामा मदान को प्रधान चुना गया। इससे पहले हरमिंद्र सिंह प्रधान थे, जिनकी कार्यशैली की बैठक में सराहना की गई। नई कार्यकारिणी में अजीत मेहता, सतपाल शर्मा, अनिल मेहता, राजिंद्र सिंह और फलविंद्र सिंह संरक्षक बनाए गए। पवन ढींगड़ा चेयरमैन, श्याम सचदेवा वाइस चेयरमैन, राकेश अरोड़ा वरिष्ठ उपप्रधान, राजीव नटराज उपप्रधान, गुरमीत सिंह महासचिव, योगेश बब्बर संयुक्त सचिव, अमित कुमार कोषाध्यक्ष और लीलाकृष्ण कटारिया सह कोषाध्यक्ष चुने गए। राम अरोड़ा को सलाहकार व पंकज जनोट को मीडिया सलाहकार बनाया गया। एसोसिएशन ने सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया।




**इंद्री।** बीडीपीओं कार्यालय इंद्री के सभागार मे अपनी मांगों को लेकर रोष जताते चौकीदार। *फोटो : हरिभूमि*

### चौकीदार सभा ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक

इंद्री। ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार मे हुई । जिसकी अध्यक्षता श्याम सिंह ने की व संचालन चन्द्र पाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से श्याम सिंह व मदन कलरा ने कहा कि सरकार ग्रामीण चौकीदारों की मांगों व समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई में मामूली से मानदेय में चौकीदारों को परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो रहा है । जिस कारण सरकार के प्रति चौकीदारों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होने बताया कि चौकीदार अपनी मांगों को पूरा करवाने को लेकर 18 सितंबर को पंचायत मंत्री के निवास स्थान पर प्रदर्शन करेंगे । चौकीदारों की मुख्य मांग है कि ग्रामीण चौकीदारों को पक्का किया जाए तब तक 26 हजार न्यूनतम वेतन दिया जाए, हर माह की 7 तारीख तक मानदेय दिया जाए, मानदेय को महंगाई के तौर पर वार्षिक बढ़ोतरी से जोड़ा जाए, ई एस आई स्वास्थ्य लाभ से चौकीदारों को जोड़ा जाए, सेवानिवृत्त हुए चौकीदारों को सम्मानित राशि 2 लाख रुपए तुरन्त दी जाए, अचानक चौकीदार की मृत्यु पर परिवार को 10 लाख रुपए सहायता राशि दी जाए व खाली पदों को भरा जाए आदि मांगे शामिल हैं। इस मौके पर शुभम, जीत सिंह, महिन्द्र सिंह, जसबीर, जसमेर, पूर्ण सिंह, जरनैल सिंह, राममोहन, अशोक, कंवर पाल, रतन सिंह व गुरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

### राजयोगिनी दादी जी की पुण्य स्मृति दिवस परविशाल रक्तदान शिविर

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: डॉ अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

रविवार को अग्रवाल भवन में आयोजित रक्तदान अभियान में संवेदनाओं की नई मिसाल कायम की।

अभियान समाज सेवा प्रभाग और ब्रह्माकुमारिज़ क्राउन सिटी घरोंडा द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विश्व बन्धुत्व दिवस पर राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति दिवस में श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवा संदीप गुप्ता , विशेष अतिथि



एचपीएससी डिप्टी सेक्रेटरी सतीश कुमार, डॉ.दिव्या, डॉ. अशोक वर्मा और घरौंडा सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके रेणु दीदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बचाए जीवन, जगाएँ आशा, बनें किसी के जीवन का एक मौका।रक्तदान करने वालों में शहर के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल हुए, जिनमें डॉ. मुकेश अग्रवाल, सुरेंद्र सिंगला, ललित शर्मा, एचपीएससी डिप्टी सेक्रेटरी




सतीश कुमार, पत्रकार सुशील कौशिक, बालकृष्ण गर्ग, सनी शेट्टी आदि प्रमुख रहे।

अभियान में कुल 114 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बीके रेणु दीदी ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह न केवल किसी की जान बचाता है बल्कि दाता को अमर मानवता का आशीर्वाद भी प्रदान करता है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट, भाजपा हर मोर्चे पर फेल : अभय चौटाला

- भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राहुल गांधी को गुमराह कर भाजपा को मजबूत किया : अभय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने कहा कि 25 सितम्बर को रोहतक में होने वाली सम्मान दिवस रैली देश की सबसे बड़ी रैली होगी, जिसमें लाखों लोग ताऊ देवीलाल को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

उन्होंने नीलोखेड़ी, करनाल, घरौंडा व इंद्री हलकों में आयोजित सभाओं को सम्बोधित कर भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल रही। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने



राहुल गांधी को गुमराह कर भाजपा को मजबूत किया।

प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि इनेलो चौ. ओम प्रकाश चौटाला की नीतियों के अनुरूप जनता के हित में काम करेगी। इस मौके पर सुरजीत पहलवान, पूर्व विधायक रेखा राणा, फूल सिंह मजूरा, रामकुमार एबेला, कृष्ण कुटेल, मदन चौधरी, जयपाल पूनिया, भगवंत संधू, धर्मवीर पाढा, कविता धनखड़, बलवान बाल्मिकी, मुकेश ग्रोवर, कंवर बुटाना आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जनसमस्याओं का हल जल्द हो

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में जन सुनवाई करते हुए एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनहित है। अधिकारी इसमें किसी भी तरह की कोताही ना बरते। प्रशासन द्वारा समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत की जा रही शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। अधिकारियों को इसमें और तीव्रता से कार्य करने की आवश्यकता है।

### ई-श्रम से जोड़े जा रहे है श्रमिक

**पानीपत।** सहायक श्रम आयुक्त विशाल कालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए श्रम विभाग ने विशेष जागरूकता और पंजीकरण अभियान शुरू किया है। यह अभियान पांच सितम्बर तक चलेगा। इस अभियान के तहत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग, लॉजिस्टिक, ई-मार्केट, प्रोफेशनल सर्विस, हेल्थकेयर, डेब्ल, हॉस्पिटैलिटी, कंटेंट और मीडिया सर्विस से जुड़े श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

पानीपत। न्यायिक परिसर में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन तेरह सितंबर को किया जाएगा। जिसमें आपसी सहमति से विभिन्न केसों को सुलझाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्षा शर्मा ने दी।

### कष्ट निवारण की बैठक पांच को

**पानीपत।** सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शुक्रवार पांच सितम्बर को जिला सचिवालय के द्वितीय तल सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दी।

### लेवल जॉब फेयर 30 अगस्त को

**पानीपत।** युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा मौका आने वाला है। शहीद भगत सिंह यूनिवर्सिटी, पंजाब और हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 77 वां स्टेट लेवल जॉब फेयर आयोजित किया जा रहा है। यह मेगा आयोजन 30 अगस्त को करनाल स्थित मंगल सिंह सभागार में होगा। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दी।

### वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ

**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय व श्री शीतल दास जैन फाऊंडेशन पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में संचार कौशल को विकसित करने के लिए कम्युनिकेटिव इंग्लिश का वैल्यू एडेड कोर्स प्रारंभ हुआ। वहीं, प्राचार्या प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने इस कोर्स को आर्य कॉलेज में शुरू करने के लिए श्री शीतल दास जैन फाऊंडेशन आभार व्यक्त किया।

### कैंडल मार्च के जरिए रोष मार्च निकाला

**समालखा।** पानीपत के गांव बसाडा में में ग्रामीण महिलाओं द्वारा और पानीपत की देसराज कॉलोनी में युवाओं द्वारा भिवानी की शिक्षिका मनीषा की मौत की निष्पक्ष और त्वरित जांच किए जाने व परिजनों को न्याय दिए जाने की मांगों के साथ कैंडल मार्च के जरिए रोष मार्च निकाला गया। इस अवसर पर एडवोकेट पूनम, संजय कुमार, दीपिका आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। जबकि देसराज कॉलोनी में प्रदीप, प्रवेश, रिंकू, नवीन आदि ने रोष प्रदर्शन किया।

### इनेलो अध्यक्ष आज पानीपत में

**पानीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.अभय सिंह चौटाला 26 अगस्त को सेक्टर 25 के होटल डेज में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक को दोपहर 2 बजे संबोधित करेंगे। यह जानकारी इंडियन नेशनल लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह देशवाल ने दी।

---

### जय इंटरनेशनल स्कूल इसराना में जिला स्तरीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

# एमजेआर के विजेता खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन

अंडर 14 लड़कियों में 54 किलोग्राम भार वर्ग में पलाक्षा व लड़कों में 40 किलोग्राम भार वर्ग में मिलन ठकराल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला स्तरीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता का आयोजन जय इंटरनेशनल स्कूल गांव इसराना में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला पानीपत कराटे संघ द्वारा किया गया। प्रतियोगिता बलविंदर सिंह इंचार्ज, प्रवेश शर्मा, मुकेश सरोहा, अंशुल सरोहा, जेबी थापा, अंकित वैद्य, वंश मलिक, चेतन अनेजा, रज्जी, नेहा सैनी, रेफरी व ऑफिशियल्स की देख-रेख में हुआ। प्रतियोगिता में एमजेआर कराटे एकेडमी के 10 खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान कर उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। अंडर 14 लड़कियों में 54 किलोग्राम भार वर्ग में पलाक्षा व लड़कों में 40 किलोग्राम भार वर्ग में मिलन ठकराल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 लड़कियों में 44 किलो में पिंकी, 50 किलो में लक्की, 56 किलो में रिया, 68 किलो में ख़ुशी व लडक़ो में 35 किलो में नमन व 65 किलो में यश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 लड़कियों में 44 किलो में मन्नत और 48 किलो में उर्मिला ने बाजी मारी। इस अवसर पर मेजर संस्थान के महाप्रबंधक कंवर रविंद्र सैनी, ग्रीन मिशन पानीपत के संयोजक संदीप जिंदल, समाजसेवी महेश थरेजा, प्रीतम गुर्जर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।



पानीपत। एमजेआर कराटे एकेडमी के विजेता खिलाडी रविंद्र सैनी के साथ। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन कुश्ती अकादमी, गांव बुआना लाखू के विजेता पहलवान प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

# फैला उजियारा फाउंडेशन ने पहलवानों ने गोल्ड मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- विजेता पहलवानों ने आगामी राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया

पानीपत के गांव पट्टीकल्याण में आयोजित जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में फैला उजियारा फाउंडेशन कुश्ती अकादमी, गांव बुआना लाखू के पहलवानों नमन, नितिन, शुभम, अमन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक जीते है। इन उपलब्धियों के साथ ही सभी विजेता पहलवानों ने आगामी राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अकादमी संचालक एवं वरिष्ठ कुश्ती कोच नरेंद्र मलिक और जूनियर कोच आकाश मलिक ने कहा कि यह सफलता बच्चों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और हरियाणा का मान बढ़ाएंगे।

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें विद्यार्थी : डॉ. मलिक



पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज के विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- नौकरी पाने के लिए एक प्रभावशाली रिज्यूम आपकी सफलता में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है

आईबी पीजी कॉलेज में प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस इकाई तथा मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रिज्यूमे निर्माण एवं करियर वृद्धि व विकास विषय पर एक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। वहीं भारत जैसे देशों के प्रतियोगी बाजारों में जहां हजारों से लेकर लाखों उम्मीदवार एक नौकरी पाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, वहां नौकरी पाने के लिए एक प्रभावशाली रिज्यूम आपकी सफलता में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। यहां तक कि बायोडेटा सीवी और रिज्यूम ना केवल नौकरी पाने के लिए एक जरूरी दस्तावेज है बल्कि भारत के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेजों और शीर्ष बिजनेस स्कूलों में प्रोफेशनल कोर्सों के लिए भी एक जरूरी दस्तावेज बन गया है। इस सत्र के आयोजन में निशा गुप्ता, रुचिका तथा मेधा टीम से अमन व नेहा का अहम योगदान रहा।

### किसान सभा का चुनाव हुआ

**इसराना।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के नेतृत्व में इसराना तहसील का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रधान सत्यनारायण गांव गवालडा, सचिव सीताराम गांव मांडी, कोषाध्यक्ष राजबीर मलिक लाखू बुवाना, उप प्रधान मेहर सिंह बजेवा, सह सचिव समेराम लाखू बुआना, प्रेस सचिव सुरेश कुमार पुठर, मुख्य सलाहकार मा. कर्मवीर बजेवा को चुना गया।

### बिजली के निजीकरण की निंदा की

**पानीपत।** मजदूर संगठन सीटू की तरफ से प्रधान सुनील, सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा ने संयुक्त बयान में में कहा कि बिजली विभाग के निजीकरण की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि जब से भाजपा नेतृत्व वाली सरकार केंद्र व राज्य में सत्ता में आई है , हर वर्ष बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी करती है और समय-समय पर कई तरह के सरचार्ज लगाकर जनता का शोषण कर रही है।

# जिला पुलिस ने विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

## उसके दुष्परिणामों के बारे विस्तृत जानकारी दी

- नशे से धन की हानि भी होती है व सामाजिक प्रतिष्ठा भी धीरे-धीरे गिरने लगती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाए हुए हैं
। नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस ने सोमवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव उरलाना कलां में स्कूली छात्रों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर अपने जीवन में नशा नहीं करने बारे, व उसके दुष्परिणामों के बारे विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एएसआई जगपाल सिंह ने लोगों को समझाया कि नशा की ब राई से मनुष्य के जीवन में कितने प्रकार की समस्याएं खड़ी होती हैं,उसका स्वास्थ्य दिनों दिन खराब होता जाता है। धन की हानि भी होती है।

सामाजिक प्रतिष्ठा भी धीरे-धीरे गिरने लगती है।




पानीपत। नशे के विरूद्ध विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए एएसआई जगपाल सिंह।

# पानीपत में टेक्सटाइल यूनिवर्सिटी बनवाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



विधायक प्रमोद विज

- विधायक ने विधानसभा में शहर से बाहर बैंक स्क्वायर बनवाने व यूएचबीवीएन कार्यालय का नया भवन बनाने की मांग रखी

पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन शून्य काल के दौरान विधानसभा के पटल पर पानीपत में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पानीपत में कई विकास कार्य हुए हैं और कई कार्य चल रहे हैं। पानीपत में टेक्सटाइल इंडस्ट्री होने की वजह से प्रवासी मजदूर ज्यादा हैं।अतः उनके ठहरने हेतु लेबर हॉस्टल की मांग करते हैं। विज ने विधानसभा पटल पर पानीपत में चल रहे लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने की भी मांग विधानसभा में रखी। इस क्रम में विधायक ने सेक्टर 11-12 एवं बिशन स्वरुप कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम में सुधार, रैनीवेल प्रोजेक्ट, टाउनशिप कम्युनिटी हॉल के निर्माण, वर्किंग वीमेन हॉस्टल, लेबर हॉस्टल, अनाथालय (लड़कों एवं लड़कियों के लिए), वृद्धाश्रम, ईएसआई हॉस्पिटल के निर्माण, गोहाना रोड रेलवे ओवरब्रिज की फॉर लेनिंग, यूएचबीवीएन कार्यालय का नया भवन, जीटी रोड पर ट्रैफिक कम करने के लिए बैंक स्क्वायर, ऑटोमोबाइल मार्केट की शहर से बाहर शिफ्टिंग, टेक्सटाइल यूनिवर्सिटी, बजट सत्र में हुई घोषणा के अनुसार 250 करोड़ की लागत से एक्जीबिशन हॉल, ड्रेन एक के विकसित करने की मांग विधानसभा के पटल पर रखी।

# विकास बने अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष



पानीपत। अग्रवाल संगठन के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देते हुए आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ जगदीश गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-24 के अग्रवाल भवन में रविवार को चुनाव अधिकारी डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभा में अग्रवाल संगठन के चुनाव परिणामों की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि विकास गोयल को अध्यक्ष, मुकेश गर्ग को महासचिव, संजय गोयल को कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष गोपाल तायल, हरिमोहन गुप्ता और अतुल गुप्ता को निर्वाचित किया गया। सचिव के रूप में मनीष गोयल, संयुक्त सचिव सुभाष गोयल, प्रवीण गुप्ता, रामरतन अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, क्षेत्रीय संयोजक नरोत्तम अग्रवाल, राकेश कुमार, विनोद गर्ग, अश्विनी जिंदल, सतपाल गोयल को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुरेश चंद गोयल, शिवकुमार मित्तल, सीमा अग्रवाल और विनीत कुमार के नाम की घोषणा हुई।

# पानीपत रिफाइनरी क्षेत्र में सड़कें जर्जर



पानीपत। जर्जर हो चुकी कुताना चौक से रिफाइनरी की ओर जाने वाली सडक। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** कुताना चौक से रिफाइनरी को जोड़ने वाले रास्ते की हालत बद से बद्तर बनी हुई है। ये अंदाजा लगाना भी मुश्किल है कि यहां सड़क में गढ्ढे हैं या गढ्ढों में सड़क। गहरे गढ्ढों के कारण यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। जिसको लेकर राहगीरों, स्थानीय लोगों और दुकानदारों में रिफाइनरी प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। लोगों ने रिफाइनरी प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क को बनवाया जाए ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। अजमेर, राकेश, सुनील, हरिदास, ज्ञानेश्वर, मयंक, खुशदिल, सुखदेव सिंह व मोहब्बत सिंह आदि ने बताया कि इस रिफाइनरी रोड की हालत लगभग पिछले 1 वर्ष से दयनीय बनी हुई है। लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र के जितने भी मुख्य कार्यालय हैं वे सभी इसी रास्ते पर बने हुए हैं।

# मिड डे मील में भोजन का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव कवी में प्रिंसिपल व एसएमसी प्रधान ने मिड डे मील के खाने का औचक निरीक्षण किया। प्रिंसिपल सुरेश दलाल ने बताया की उसके पास राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मतलौडा के साथ-साथ गांव कवी के स्कूल का भी चार्ज मिला हुआ है। अभी बारिश का मौसम चला हुआ है ऐसे में खाने की चीजों के अंदर कीड़े होने की ज्यादा संभावना रहती है। इसी को लेकर एसएमसी प्रधान राजीव कुमार के साथ स्कूल के अंदर बन रहे मिड डे मील के खाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में भोजन ठीक मिला। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान राजीव कुमार, रणदीप सिंह मान, अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

**जागरूकता** इको क्लब के अंतर्गत ग्रीनमैन और उनकी टीम का प्रयास काबिले तारीफ

# कृषि उर्वरक क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो.दलजीत कुमार

ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार ने बड़े पैमाने पर इको क्लब के विद्यार्थियों को साथ लेकर महाविद्यालय में सुखेपत्तों से जैविक खाद बना रखी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राजकीय कॉलेज में विद्यार्थियों को उर्वरक बनाने का ज्ञान देते हुए प्रो .दलजीत।

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार पर्यावरण जागरूकता हेतु डे लोंग बाजार विषय पर इको क्लब के अंतर्गत डॉ.सुभाष चंद्र जागलान की अध्यक्षता में और ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रो.दलजीत कुमार के नेतृत्व में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार ने बताया कि डे लोंग बाजार के अंतर्गत वेस्ट से बेस्ट विषय के अंतर्गत आज 100 से अधिक विद्यार्थियों को सूखेपत्तों, कागज और गलने वाली वस्तुओं से जैविक खाद कैसे बनाए। जैविक खाद के फायदे और इसमें रोजगार की संभावनाएं विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार ने बड़े पैमाने पर इको क्लब के विद्यार्थियों को साथ लेकर महाविद्यालय में सुखेपत्तों से जैविक खाद बना रखी है। जिसे इन्होंने ब्राउन ब्लैक गोल्ड नाम दिया हुआ है। प्रिंसिपल डॉ.सुभाष चंद्र जागलान ने कहा कि इको क्लब के अंतर्गत ग्रीनमैन और उनकी टीम का प्रयास काबिले तारीफ है। इस दौरान डॉ. बृजेश बराड़, डॉ. सोनिया, डॉ. मोनिका रानी, डॉ. रीना, डॉ. तकदीर सिंह, अनिल माली आदि मौजूद रहे।

# पानीपत में राजकीय यूनिवर्सिटी बनाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पानीपत का योगदान देश की अर्थव्यवस्था और हरियाणा की औद्योगिक शक्ति में सबसे आगे है

जिला पानीपत जिसकी आबादी करीब 14 लाख है। जिसमें पुरुष करीब 7.5 लाख एवं महिलाएं 6.5 लाख है और पानीपत जो अपने उद्योगों व व्यापार से हर साल सरकार को खरबों रुपये टैक्स देता है। आज भी शिक्षा के बुनियादी ढाँचे की कमी से जूझ रहा है। 360 डिग्री सेवा समाधान मिशन के सोकेंद्र बालियान रघुवंशी ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए पानीपत के युवाओं को मजबूरी में दिल्ली, कुरुक्षेत्र, रोहतक या अन्य शहरों की ओर जाना पड़ता है। यह न केवल अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डालता है बल्कि प्रतिभा का पलायन भी तेज करता है। पानीपत का योगदान देश की अर्थव्यवस्था और हरियाणा की औद्योगिक शक्ति में सबसे आगे है। लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में यहां सरकारी यूनिवर्सिटी तक का अभाव है। उन्होंने कहा कि 360 डिग्री सेवा समाधान मिशन का मानना है कि अगर पानीपत उद्योग और टैक्स के क्षेत्र में देश को सहारा दे सकता है तो सरकार का भी कर्तव्य है कि यहां की युवा पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार दे। पानीपत में राजकीय यूनिवर्सिटी बनाई जाए।

### तैराकी में समर्थ ने गोल्ड जीता

**पानीपत।** दिल्ली ओपन टैलेंट सर्च तैराकी प्रतियोगिता दिल्ली अंर्तराष्ट्रीय तरण ताल 50 मीटर स्विमिंग पूल तालकटोरा स्टेडियम में हुई। जिसमें सात वर्षीय समर्थ बलदेव सिंह पानीपत हरियाणा पाइट स्कूल हुडा से भाग लिया तथा 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 50 मीटर फ्री स्टाइल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### एक्सपोर्टर मीट आयोजित

**पानीपत।** यूको बैंक अंचल कार्यालय करनाल द्वारा पानीपत में एक्सपोर्टर मीट का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य स्थानीय निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, निर्यात ऋण सुविधाओं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं बैंकिंग सेवाओं से जोडक़र उनके व्यवसाय को नई दिशा प्रदान करना था।

## खबर संक्षेप



### चिन्हित अपराध व एससी-एसटी एक्ट केसों की समीक्षा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कैंप कार्यालय में चिन्हित अपराध व एससी-एसटी एक्ट केसों की समीक्षा की। उन्होंने जिला न्यायवादी से केसवार जानकारी लेकर निर्देश दिए कि कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलवाया जाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट में लंबी तारीखें न लगें तथा जरूरत पड़ने पर अपील की प्रक्रिया भी समय पर की जाए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शहजादपुर।** शहजादपुर पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। शिकायतकर्ता वरुण कुमार निवासी शहजादपुर माजरा की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 अगस्त की रात आरोपी सुनील कुमार उर्फ मोहित निवासी गाँव नंगावा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने 16/17 अगस्त की रात को कम्यूनिटी हाल के पास से लोहे का जंगला व मोटरसाइकिल रेहड़ी चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी से चोरी किया हुआ सामान बरामद कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जान से मारने की धमकी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता विकास मोदगिल निवासी शिमलापुरी (जिला लुधियाना, पंजाब) ने थाना पड़ाव में दी शिकायत में बताया कि 23 अगस्त को बस स्टैंड अंबाला छावनी पुल के नीचे आरोपियों ने सरकारी बस को रोककर उसमें घुसकर उस पर व उसके साथी हरदीप सिंह पर लोहे के टूल से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहुल निवासी दयाल बाग, रोहित निवासी कृष्णा नगर व अनिकेत निवासी रामनगर (अम्बाला) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अनुसूचित जाति के लोगों को मिलेगा रोजगार ऋण

**अंबाला।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, अंबाला के जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को अपना स्वयं का रोजगार शुरू करने हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। एनएसएफडीसी की माइक्रो फाइनेंस स्कीम (एमएफएस) व टर्म लोन स्कीम (टीएलएस) के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के वे परिवार, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक न हो, विभिन्न व्यवसायों जैसे करियाना दुकान, कपड़ा कार्य, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, बुटीक, टी-स्टॉल आदि के लिए ऋण प्राप्त कर सकते हैं। माइक्रो फाइनेंस स्कीम के अंतर्गत एक लाख रुपये और टर्म लोन स्कीम के अंतर्गत दो लाख रुपये तक ऋण दिया जाएगा।

## 10 दिन से पानी की मार झेल रहा बराड़ा, सुनने वाला कोई नहीं

# बराड़ा शहर हुआ लावारिसः सत्तापक्ष विपक्ष और प्रशासन नहीं ले रहे सुध

### अवैध कलोनियों की वजह से बंद हुआ पानी निकासी का प्राकृतिक मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा कस्बा इन दिनों पहाड़ी पानी और लगातार हो रही बरसात की मार झेल रहा है। शहर की सड़कें और कई मोहल्लों में भरे पानी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। महाराणा प्रताप चौक से लेकर एसएमएस कॉलेज तक सड़कों पर गंदा पानी भरा पड़ा है। यहां पर बनी दुकानों का तो कारोबार ठप्प हो गया है, इस एरिया में पैदल चलना तो दूर बाइक से गुजरना तक भी मुश्किल हो गया है, क्योंकि अगर इस रास्ते पर आप बाईक से चल रहे है तो कोई भी गाड़ी जो स्पीड़ से आ रही है तो वह आपको गीला कर देगी। पिछले दस दिनों से बराड़ा कस्बा का यह इलाका पानी से भरा हुआ है। लेकिन अब तक न सत्ता पक्ष, न विपक्ष और न ही नगरपालिका या प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का समाधान निकाल पाए हैं। आपको बता दें कि सरकपुर रोड, बंसल पैलेस का इलाका, महाराणा प्रताप चौंक, महाराजा अग्रेसन द्वार, बीडीपीओ आफिस, हरगोबिन्दपुरा वाला इलाका पिछले दस दिनों से जलमग्न है।




बराड़ा। पानी से लबालब बराड़ा शहर की सड़क, पानी से भरी सड़क से गुजरती स्कूटी।

#### प्रशासन की तैयारियों की खुली पोल

वैसे तो प्रशासन बरसात के आने से पहले ही अपनी खूब तैयारियों का ढ़ोल पीटता है और नालों आदि की सफाई करवाकर पानी निकासी के बड़े-बडे दावे करता है लेकिन इस बरसात और पहाड़ी पानी ने प्रशासन की कारगुजारी की पोल खोल कर रख दी है। आपको बता दें कि बराड़ा में बरसाती पानी ही नहीं बल्कि पहाड़ी इलाकों से आना वाला पानी भी काफी तबाही मचाता है लेकिन इन सब बातों के जानने के बाद भी प्रशासन के इंतजाम फेल नजर आते है। स्थानीय लोग भी मानते है कि बराड़ा में बरसात के दौरान जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो जाती है। नालों और सीवरेज की सफाई समय पर न होने की समस्या के चलते हर साल लगभग यही स्थिति पैदा होती है। दुकानदारों रणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, पवन, रमेश आदि ने बताया कि थोड़ी सी भी तेज बारिश होने पर बराड़ा कस्बा पानी-पानी हो जाता है। सड़क पर पानी भरे होने की वजह से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बराड़ा-दोसड़का मार्ग पर अधिक जलभराव की वजह से गाड़ियां रेंग-रेंग कर आगे बढ़ रही है।

#### स्थानीय नेताओं व प्रशासन को ढूंढ रही जनता

*बराड़ा की जलभराव से बदहाल हुई स्थिति को लगभग दस दिन का समय बीत चुका है लेकिन इन दस दिनों में न तो मौजूदा विधायक, न ही इलाके के सांसद, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, संतोष चौहान सारवान, किसी अन्य पार्टी के नेता या किसी प्रशासनिक अधिकारी ने फील्ड में उतर कर हालत का जायजा नहीं लिया और न ही बराड़ा की जनता का दुखड़ा सुना। जिनको जनता के साथ इस मुश्किल घड़ी में खड़ा होना चाहिए था। वो लोग कहीं भी नजर नहीं आ रहे, ऐसे में बराड़ा शहर की जनता उन्हें दूढं रही है लेकिन ये लोग कहीं पर भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। वैसे आपको बता दें कि नगरपालिका बराड़ा का चुनाव भी पानी की निकासी और साफ-सफाई के मुद्दे पर ही लड़ा गया था। स्थानीय लोग अपने-अपने वार्ड के पार्षदों व नपा चैयरमैन रजत मलिक को भी ढूंढ रहे है कि आखिर क्या हुआ उन वादों और दिखाए गए सब्जबागों का। जिन मुद्दों पर इन लोगों ने नगरपालिका चुनाव में वोट मांगे, वही मुद्दे आज अनदेखे क्यों किए जा रहे हैं? अब तो कुछ कर दिखाने का मौका था, लेकिन कोई भी सामने क्यों नहीं आ रहा? क्यों नही ये सब लोग जनता के सामने आते और मौजूदा समय में मुंहबाये खड़ी समस्याओं को हल करने की कोशिश करते। कुल मिलाकर बराड़ा शहर इस समय लावारिस हालत में है और इस शहर की सुध लेने वाला कोई नहीं है।*

#### बंद पुलियों के कारण हो रही समस्या

बराड़ा इलाके के बारे में सबको पता है कि यहां पर बरसात के दिनों में पहाड़ी पानी भी आता है, और यह केवल अभी इसी समय ही नहीं आया है, यह तो हर बार आता है। यही वजह है कि इस इलाके में से गुजरने वाली हर सड़क पर जगह-जगह पर पुलियों का निर्माण किया हुआ है। यह पुलियां केवल दिखावे के लिए नहीं बनाई गई थी, इनका अपना विशेष महत्व था। लेकिन अवैध कालोनियां काटने वालों ने इन पुलियों (पानी निकासी के द्वारों) को बंद कर दिया और पानी पीछे ही रूकने लगा। वहीं कुछ किसान भाईयों ने भी इन पुलियों का रास्ता बंद कर दिया जिस कारण पानी निकासी का मार्ग अवरूद्ध हो गया और पानी यहां-वहां जमा होने लग गया लेकिन असली जो कारण है कि हमने पानी निकासी के मार्गो को बंद कर दिया है। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वह इलाके में बंद पड़ी पुलियों को खोले ताकि पानी की निकासी हो सके और जनता को राहत मिल सके।



अंबाला। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

## जीएमएन कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला आयोजित

- कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी की 'एनईपी 2020 सैल' के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में विद्यार्थियों के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के परीक्षा निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को 'चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, बहु प्रवेश एवं बहु निकास प्रणाली, एईसी, एसईसी, एमडीसी, वीएसी, डीएससी, डीएसई' आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आंतरिक मूल्यांकन में मिड सेमेस्टर टेस्ट, असाइनमेंट और कक्षा में उपस्थिति की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह नीति युवाओं में 'कौशल, दक्षता और आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के साथ-साथ डिजिटल तकनीक व रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के अध्ययन को प्रोत्साहित कर रही है। डॉ. दत्त ने इस तरह की कार्यशालाओं को विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करने में सहायक बताया। एनईपी 2020 सैल की संयोजिका डॉ. ज्योति सौरोत ने कहा कि यह नीति भारतीय परंपरा व मूल्यों को ज्ञान के साथ जोड़कर विद्यार्थियों के 'समग्र विकास' और 'शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति' को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंत में मुख्य वक्ता ने उनके प्रश्नों का संतोषजनक समाधान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. चंद्रपाल पुनिया, डॉ. गीता कौशिक, श्री राजेंद्र मीरवाल और मैडम निकांशी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं

- अधिकारियों को दिए त्वरित निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित व संतोषजनक समाधान के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य जनता की शिकायतों का मौके पर अथवा निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा करना है। किसी भी मामले में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के समाधान के साथ-साथ नागरिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि पात्र लोग उनका लाभ उठा सकें। शिविर में कुल पाँच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया जबकि शेष शिकायतें संबंधित विभागाध्यक्षों को शीघ्र निपटारे के निर्देशों के साथ मार्क की गईं। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे नियमित रूप से आयोजित होने वाले शिविरों में भाग लें। यह शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



अंबाला। समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

## जीएमएन कॉलेज में यंग स्पीकर्स क्लब ने करवाया ओपन माइक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज अंबाला छावनी के 'यंग स्पीकर्स क्लब' द्वारा हाल ही में एक शानदार ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के आशीर्वाद तथा मेहक तलवार, यशवी शर्मा और हर्षिता के कुशल समन्वय के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 80 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 18 छात्रों ने मंच पर आकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय दिया। छात्रों ने कविता, भाषण, गीत, शायरी और विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों के उत्साही प्रदर्शन और आयोजन समिति के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सह-पाठयक्रम मंच छात्रों में संचार कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों और दर्शकों ने इस अवसर का भरपूर आनंद लिया और नई ऊर्जा, आत्मविश्वास तथा अभिव्यक्ति कौशल के साथ लौटे। यंग स्पीकर्स क्लब का यह आयोजन छात्रों की प्रतिभा, पहल, टीम वर्क और व्यक्तिगत विकास का जीवंत उत्सव साबित हुआ।



अंबाला। कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों को व्हीलचेयर की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

सेवा और परोपकार की भावना को जीवंत रखते हुए रोटरी क्लब पिहोवा ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया। क्लब के नव-नियुक्त प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा के नेतृत्व में गांव आसमानपुर निवासी माता गुरचरण कौर और गाँव छेलो निवासी प्रेमा राम को व्हीलचेयर भेंट की गई। इन दोनों परिवारों को लंबे समय से सहारे की आवश्यकता थी और जब रोटरी क्लब को इसकी जानकारी मिली तो तुंरत कदम उठाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सैंनसंस पेपर मिल के एमडी प्रदीप सैनी ने विशेष तौर पर शिरकत की और रोटरी क्लब की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब पिहोवा का यह कार्य समाज में इंसानियत की असली तस्वीर पेश करता है। जब लोग मिलकर कमजोर वर्ग की मदद करते हैं तो समाज और भी मजबूत बनता है।ह्व रोटरी क्लब पिहोवा के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा व सचिव गौरव बंसल ने कहा कि क्लब का उद्देश्य सिर्फ सामाजिक गतिविधियाँ करना ही नहीं बल्कि हर उस परिवार तक मदद पहुँचाना है, जिसे इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यह कार्य केवल शुरूआत है और आगे भी क्लब समाज सेवा के कई नए आयाम स्थापित करेगा।

## एमपीएन कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय उद्यमिता दिवस पर जैविक खेती एवं पराली प्रबंधन विषयक व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एम.पी.एन. कॉलेज, में आईसी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय उद्यमिता पखवाड़ा के अवसर पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ राजेंद्र कुमार सिंह ने जैविक खेती और पराली प्रबंधन जैसे समसामयिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जैविक खेती न केवल भूमि की उर्वरता बनाए रखती है, बल्कि किसानों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी देती है। पराली जलाने की समस्या पर उन्होंने वैकल्पिक उपायों के प्रयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को सतत कृषि एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उद्यमिता को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक जयभगवान ने बताया की यह व्याख्यान छात्रों को सतत विकास एवं ग्रामीण नवाचार के क्षेत्र में उद्यमिता की संभावनाओं से परिचित कराने में सफल रहा। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

## बराड़ा में युवक से नशीला पदार्थ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को नशीले पदार्थ के साथ काबू किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम थाना बराड़ा की टीम अनाज मंडी मोड़ पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक युवक काले रंग की सुपर स्प्लैंडर मोटरसाइकिल पर आया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उसे रोककर जब उससे पूछताछ की गई तो उस युवक की पहचान शुभम पुत्र सोमनाथ निवासी गांव बीड़ कालवा जिला कुरुक्षेत्र वर्तमाल पता करनाल कॉलोनी बराड़ा के रूप में हुई। उसकी तलाशी नायब तहसीलदार अंबाला कैंट सुनील कुमार की मौजूदगी में ली गई। तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से एक पारदर्शी पन्नी में 9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा आरोपी के पास से 240 रुपये नकद और मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली। बरामदगी की पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी की गई। आरोपी के खिलाफ थाना बराड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को सील कर सबूत के तौर पर कब्जे में ले लिया है।



बराड़ा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## ब्रह्माकुमारी शांति धाम में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारीज़ शांति धाम (36-37, दयाल बाग) में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाते हुए दादी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अंबाला सबज़ोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने उपस्थित भाई-बहनों को संदेश दिया कि वे दादी समान शक्तिशाली बनें और समाज में प्रेम व भाईचारे का संदेश फैलाएँ। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने दादी के जीवन का उल्लेख करते हुए बताया कि दादी प्रकाशमणि का जन्म 1 सितम्बर 1922 को हैदराबाद (सिंध, पाकिस्तान) में हुआ था। दादी का असली नाम रमा था। वह मात्र 15 वर्ष की आयु में ओम मंडली के संपर्क में आईं और ब्रह्मा बाबा से प्रेरणा लेकर आध्यात्मिक जीवन को अपनाया। दादी 1969 से 2007 तक संस्था की मुख्य प्रशासिका रहीं। उनके नेतृत्व में विश्वभर में हजारों राजयोग सेवा केंद्र स्थापित हुए। उनकी याद में मधुबन, माउंट आबू में "प्रकाश स्तंभ" बनाया गया है, जिस पर उनकी शिक्षाएँ अंकित हैं। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने कहा कि दादी का स्वभाव अत्यंत मधुर, सहनशील और सहकारी था।



अंबाला। कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### कटारिया बोले, चोरी के वोट से मोदी बने प्रधानमंत्री

## वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान में युवा कांग्रेस ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान को अब युवा कांग्रेस ने भी जोर-शोर से आगे बढ़ा दिया है। रविवार को अंबाला शहर कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीशित कटारिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चोरी के वोटों से तीसरी बार सत्ता में आए हैं और राहुल गांधी ने यह सच्चाई देश के सामने उजागर कर दी है। कटारिया ने कहा कि महादेवपुरा सीट पर हुई वोट चोरी की तस्वीर से साफ हो गया है कि भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या कर सत्ता पाई है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर भाजपा को जरा भी शर्म है तो तुरंत सत्ता छोड़ दे। कटारिया ने स्पष्ट किया कि युवा कांग्रेस हर जिले में धरना-प्रदर्शन, मशाल जुलूस और स्टिकर अभियान चलाकर जनता को सच्चाई बताएगी। इस मौके पर अंबाला के कांग्रेस सांसद वरुण मुलाना ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी ही इस बात का सबूत है कि वे चोरी की वोट से प्रधानमंत्री बने हैं।

**स्टिकर अभियान का आगाजः** युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार की कथित वोट चोरी के खिलाफ स्टिकर अभियान भी शुरू किया। अंबाला शहर में सार्वजनिक स्थलों और वाहनों पर "वोट चोरी बंद करो" जैसे संदेशों वाले स्टिकर लगाए गए। कटारिया ने चेतावनी दी कि यदि वोटर लिस्ट की गड़बड़ियां और धांधली खत्म नहीं हुई तो युवा कांग्रेस राज्य सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन की शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जड़ वोट है और यदि वोट की चोरी होगी तो लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा।



अंबाला। हुंकार भरते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता।

#### पदाधिकारियों को बांटे लेटर

कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नीशित कटारिया ने विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी से जुड़े लेटर सौंपे। इसमें प्रदेश महासचिव प्रतीक चौधरी, सचिव अंकुर मेहता, जिला युवा कांग्रेस शहरी अध्यक्ष हरमनप्रीत सिंह हैरी, ग्रामीण अध्यक्ष उधम सिंह, अंबाला शहर अध्यक्ष रोहिन सेठी, अंबाला छावनी अध्यक्ष प्रिंस, मुलाना अध्यक्ष निखिल शर्मा, नारायणगढ़ अध्यक्ष सतनाम सिंह, नदी मोहल्ला अध्यक्ष ललित कुमार, घेल अध्यक्ष हरजोत सिंह, पंजोखरा साहिब अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, केसरी अध्यक्ष रूपींद्र सिंह, गोला अध्यक्ष विनोद कुमार टोनी, बिहटा अध्यक्ष परमिंद्र सिंह डिप्टी, उगाला अध्यक्ष विशाल चौहान और साहा अध्यक्ष राहुल शर्मा शामिल रहे।